सार-समाचार

अवैध एमडीएमए जब्त

उदयपुर,(कासं)। डीएसटी एवं अम्बामाता एवं हिरणमगरी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए विदेशी युवती सहित दो आरोपियों कोगिरफ्तार कर इनके कब्जे से अवैध एमडीएम जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचन्द्र के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह, अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरूवार को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर सज्जनगढ रोड़ होटल औकार के समीप से विदेशी युवती तंजानिया निवासी विनेरंडा गिडो पुत्री डोमिनिक को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध 6.50 ठाम एमडीएमए जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी अभियान के दौरान डीएसटीम टीम एवं हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए गोरव सिंगारिया पुत्र किस्तुरचंद सिगारिया निवासी सुखाडिया नगर सेक्टर 3 हिरणमगरी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 189 ग्राम एमडीएमए जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।प्रकरण के अनुसार पीडित रिन्केश कुमार जैन पुत्र अजीत कुमार जैन निवासी बोडीगामा काजिंजरा बांसवाड़ा हाल आदर्शनगर हिरणमगरी सेक्टर 4 उदयपुर ने रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 7 जुलाई रात में रिश्तेदार पियुष जैन के साथ घुम रहा था। इसी दौरान बाइक पर व स्कूटी पर आए बदमाशों ने आकर शराब के लिए रूपये मांगे। इनकार करने पर मारपीट कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर दर्ज होन पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए मामले में गणेश प्रजापत उर्फ मुन्ना पुत्र राजेन्द्र प्रजापत निवासी कुम्हारवाड़ा घाटोल बांसवाड़ा हॉल प्रभातनगर हिरणमगरी सेक्टर3, नरेन्द्रसिंह पुत्र मनोहरसिंह चौहान निवासी मानखण्ड फतहनगर हॉल मैनारिया गेस्ट हाउस के पास हिरणमगरी तथा भावेश माली उर्फ भेरूलाल पुत्र लखमण माली निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जैन मंदिर केप ास हिरणमगरी सेक्टर 4 को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त वाहन बाइक व स्कूटी बरामद की।

गुरूजनों का किया सम्मान

उदयपुर,(कासं)। गुरु पूर्णिमा ज्ञान ज्योति नि:शुल्क कोचिंग में गुरु वन्दन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां पर विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने वाले और विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले गुरूजनों को सम्मानित किया । आयोजक व संस्थान अध्यक्ष इंजीनियर राहुल मेंघवाल ने बताया कि कार्यक्रम बालाजी महाराज के मुख्य पीठाधीश के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, यहां पर विनोद शर्मा व उनकी टीम द्वारा सुंदर कांड का आयोजन किया गया। अतिथियों ने गुरू की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि गुरू के मार्गदर्शन में जीवन ऊँचाइयों पर जाता है और सच्चे जीवन आदर्श को प्राप्त करता है। हर व्यक्ति के जीवन में एक गुरू होता है अगर उनके बताये मार्ग का अनुसरण किया जाए तो सफलता दूर नहीं होती है। राहुल मेघवाल ने बताया कि यहां करियर काउंसलिंग तथा मोटिवेशनल सेमिनार में मेवाड जनशक्ति दल का पोस्टर विमोचन हुआ जिसमे मेवाड जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश शर्मा, अतुल शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल, तेजरामी, भानु प्रताप सिंह भीलवाडा , मनोज उपाध्याय, पवन उपाध्याय, देव खंडेलवाल, महेश पालीवाल, योगेश मेनारिया, संगीता मेघवाल, धीरा सुथार, गौरव, अनिल आदि उपस्थित रहे।

महिलाओं को दिया स्वास्थ्य का संदेश

उदयपुर,(कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल की प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना शर्मा और डॉ. नीलम तोषनीवाल ने महिलाओं के लिए विशेष हेल्थ टॉक का आयोजन हुआ। इस सत्र में उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समय पर जांच कराने और प्रजनन स्वास्थ्य, हार्मोनल बदलाव पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अर्चना ने बताया कि किस तरह नियमित जांच और जागरूकता महिलाओं की सेहत को बेहतर बना सकती है। उन्होंने बताया कि महिलाएं अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि वे पूरे परिवार की रीढ होती हैं ड्क्त उनकी सेहत सर्वोपरि होनी चाहिए।

खुशबू श्रीमाली को पीएचडी की उपाधि

उदयपुर,(कासं)। गीतांजलि विवि द्वारा डॉ. खुशबू श्रीमाली को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने डॉ. मनजिंदर कौर के मार्गदर्शन में इफेक्ट ऑफ विटामिन डी डेफसिंसी ऑन बेटा सेल फंक्शन ऑफ वोमेन विथ पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम शीर्षक विषय पर शोध कार्य किया।

मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन किए

बांसवाड़ा, (निसं)। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने गुरुवार को जिले के दौरे के दौरान उमराई स्थित शक्तिपीठ मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने परिवार सहित मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया, विविध कार्यक्रम हुए

■ उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने जताई मानवता और गुरु भक्ति की आवश्यकता

बांसवाड़ा/राजसमंद, (निसं)। (निसं)। शहर के उदयपुर रोड जानामेडी स्थित उत्तम सेवा धाम में महामंडलेश्वर ईश्वरानंद ध्यानयोगी महर्षि उत्तम स्वामी के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर न सिर्फ वागड अंचल अपितु प्रदेश के कई जिलों व 11 राज्यों के हजारों गुरुभक्त की उपस्थिति में दिनभर यहां मेला लगा रहा। गुरुभक्तों ने इस दौरान यहां पहुंच कर गुरुदेव ध्यानयोगी उत्तम स्वामी के दर्शन, पूजन कर आशीर्वाद ठाहण किया। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुदीक्षा भी ली। आस्था, भक्ति और अध्यात्म का विराट संगम में राज्य के अलावा देश के 11 राज्यों से आए हजारों गुरुभक्तों की उपस्थिति में महामंडलेश्वर ईश्वरानंद ध्यानयोगी उत्तम स्वामी महाराज ने सद्गुरु की महिमा और आत्मदर्शन के महत्व पर गूढ संदेश दिए।

अपने आध्यात्मिक प्रवचनों में स्वामी उत्तम महाराज ने कहा कि सद्गुरु ही संसार में रहकर समाधि का मार्ग प्रशस्त करता है। आत्मदर्शन करा सकता है और जीवन का वास्तविक उत्थान कर सकता है। उन्होंने समझाया कि राम, कृष्ण, विवेकानंद या शंकराचार्य को न भी देखा हो, लेकिन यदि किसी ने अपने सद्गुरु को देख लिया, उन्हें आत्मसात कर लिया तो उसका जीवन सफल हो सकता है। स्वामीजी ने स्पष्ट कहा कि दृचार वेद, अठारह पुराण और विश्वभर के संत यही कहते हैं कि सद्गुरु के आश्रय से ही परमगति और परमात्मा की प्राप्ति संभव है। ईश्वर के धाम तक ले जाने वाला सद्गुरु ही है। वह अज्ञान रूपी चक्षुओं का शोधन कर ज्ञान चक्षु खोल देता है। उन्होंने बताया कि संसार प्रारब्ध से चलता है, लेकिन उसमें पुरुषार्थ का विशेष महत्व है। उन्होंने राम का वनवास, कृष्ण का कारावास में जन्म और पांडवों की पीडा को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया।

उत्तम स्वामी ने कहा कि कि गुरु का अर्थ आत्म तत्व की प्राप्ति होता है, हमें आत्म तत्व की प्राप्ति में निरंतर रत रहना चाहिए। यह गुरु तत्व जगत का श्रेष्ठ तत्व है। उन्होंने मानव जीवन में गुरु की आवश्यकता को अपरिहार्य बताया और कहा कि गुरु की तुलना किसी से नहीं हो सकती है। विचार रुपी गंगा गुरु लाता है। इस गुरु की शरण में हमें दिमाग से नहीं दिल से जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि सद्गुरु को ढूंढने की दृष्टि हममें होनी चाहिए। जीवन में एक बार सद्गुरु को प्राप्त कर लिया तो कुछ भी अप्राप्त नही रह जाता।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि गुरुदेव के प्रवचनों के एक-एक शब्द को यदि हम जीवन में उतार लें, तो हमारा मनुष्य जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने गुरु परंपरा को सनातन धरोहर बताते हुए मानवता के कल्याण और प्रति के हर तत्व को सम्मान देने का आठाह किया।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव की शोभा तब और बढ़ गई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी ने भी गुरु दर्शन किए। उन्होंने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए पथ प्रदर्शक की आवश्यकता होती है और वह कार्य गुरु करते हैं। गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं बल्कि जीवनभर गुरु स्मरण और भक्ति का संकल्प है। उन्होंने बताया कि कैसे उत्तम स्वामी बिना किसी बैंक खाता या भौतिक संचय के जनजाति अंचल के विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देने का अद्वितीय सेवा कार्य कर रहे हैं।

अखिल भारतीय गुरुभक्त मंडल के तपन भौमिक ने बताया कि उत्तम स्वामी ने केवल 13 वर्ष की उम्र में संन्यास लिया था और आज 50वें वर्ष में प्रवेश कर पूरे देश में सनातन धर्म की ध्वजा फहरा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य यजमान एवं केकडी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि गुरुदेव ने नर्मदा परिक्रमा, शक्तिपीठों और धार्मिक स्थलों पर कथा-पाठ और यज्ञ जैसे आयोजनों के माध्यम से जनकल्याण का अनुपम कार्य किया है।उत्तम सेवा धाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत सुबह सामूहिक गुरुपूजन हुआ जिसमें दूरदराज से आये श्रद्धालुओं ने गुरु पादपूजन किया और आरती उतारी। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के मुख्य यजमान केकडी विधायक शत्रुघ्न गौतम थे व अमेरिका की अनुराधा शर्मा व उपखंड अधिकारी ईश्वर लाल व गुरु भक्त मंडल गुजरात विशेष सहयोगी थे। इस दौरान गुरु महिमा के भजनों की स्वर लहरियां धाम परिसर को गूंजायमान करती रही। दोपहर में गुरुमंत्र दीक्षा हुई जिसमें सैकडों लोगों ने गुरुदीक्षा ग्रहण की।

राजसमंद संवाददाता के अनुसार : शहर सहित जिलेभर में शुक्रवार को गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम और श्रद्धा से मनाया गया। मंदिरों में चरण पादुका पूजन और गुरु पूजन कार्यक्रम के दौरान साधकों ने अपने-अपने गुरुओं की पूजा अर्चना कर उन्हें यथाशक्ति दान दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। गुरू पुर्णिमा को लेकर अल सुबह से ही गुरू द्वारे पर भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया, श्रद्धालुओं ने गुरू पूजन के साथ ही नए शिष्यों ने गुरू दीक्षा ली तथा गुरू ने साधकों के कान में गुरू मंत्र फूंका। इस मौके पर मंदिर व आश्रमों में तस्मै श्री गुरूवे नम:.... मंत्र के साथ गुरूजनों के सम्मान में विषेश आयोजन हुए। शिष्यों ने अपने गुरू की पूजा कर श्रीफल एवं दक्षिणा भेंट कर आर्शावाद लिया। गुरू पूर्णिमा के दूसरे दिन शनिवार से पवित्र श्रावण मास का भी शुभारंभ हो जाएगा। जिले भर के सामाजिक, धार्मिक व शैक्षणिक संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। लोगों ने गुरु के पास पहुंच कर उनका आशीष प्राप्त किया। गायत्री शक्तिपीठ पर गुरुपूर्णिमा पर्व गुरुपूजन एवं व्यास पूजन के साथ मनाया गया। इसी के साथ बालयोगी महंत चेतनदास महाराज के वणाई आश्रम में गुरू की पूजा अर्चना करने के लिए शिष्यों की भीड रही। गुरू पुर्णिमा की पूर्व संध्या पर सभी आश्रमों पर रात्रि जागरण का आयोजन हुआ जिसमें भक्ति संध्या हुई। शिष्य अपने अपने गुरूदेव की पुजा अर्चनाकर भरपुर आशीर्वाद लिया।

डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार : विद्यानिकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमे अतिथि के रूप में अमित टेलर, चिराग व्यास, प्रवीण कुमार श्रीमाल, विनोद पंचाल व कैलाश पंचाल उपस्थित रहे। कार्यऋम की शुरुआत अथितियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ की गई। अतिथि परिचय संस्था प्रधान पद्मा पंड्या ने करवाया। स्वागत देवेन्द्र व सुरेन्द्र ने किया तथा बौद्धिक जयेश शर्मा ने व अमित टेलर,चिराग व्यास ने पूर्व छात्र के रूप में गुरु की महिमा बताई। भैया बहनों के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। अतिथियों के द्वारा सभी गुरुजन का पूजन व सम्मान किया।

गुरु पूर्णिमा पर पौधारोपण किया

डूंगरपुर। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर एवं भारत विकास परिषद के 63 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष पर तिलक शाखा के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल के नेतृत्व में प्रताप उद्यान में सघन फलदार पौधों का पौधारोपण कार्य किया।

तिलक शाखा द्वारा आम,अमरूद, बेलपत्र, पारिजात, नाग चंपा, अशोक के 21 पौधों का पौधारोपण किया जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी सह सचिव कपिल भट्ट द्वारा की जावेगी। इसके पश्चात गुरुपूर्णिमा के अवसर पर तिलक शाखा द्वारा दिव्यज्योति जागृति संस्थान और गायत्री मंदिर के आचार्य और साधकों का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय दोवडा में गुरूवार को वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी धीरेंद्रनारायण सिंह चौहान ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार आज पंचायत समिति परिसर में 5० वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित तहसीलदार दोवडा ईश्वरलाल पडवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है।

गुरू ज्ञान ही नहीं जीने का तरीका सिखाते हैं : प्रो. सारंगदेवोत

■ विद्यापीठ में गुरूओं का किया सम्मान

उदयपुर, (कासं)। गुरू पुर्णिमा के पर्व पर गुरूवार को राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक लोकमान्य तिलक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सभागार में आयोजित गुरू सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि मूल्यों व संस्कारों के वाहन है गुरू इसलिए गुरू के प्रति नतमस्तक होकर कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है गुरू पुर्णिमा। गुरू ज्ञान ही नहीं , जीने का तरीका सिखाते है। हम कितना भी तकनीक का उपयोग कर ले, भावात्मक ज्ञान, संस्कार, अनुभव गुरू से ही आते है। गुरू के लिए पूर्णिमा से बढकर और कोई तिथि नहीं हो सकती। जो स्वयं में पूर्ण है वही तो पूर्णत्व की प्राप्ति दूसरो को करा सकता है। पूर्णिमा के चन्द्रमा की भांति जिसमे जीवन में केवल प्रकाश है, वही तो अपने शिष्यों के अंतकरण में ज्ञान रूपी चंद्र की किरणें बिखेर सकता है। गुरू के बिना हम यह भी नहीं सीख पाते है कि समाज की बुराईयों को दूर करने में हम कैसे अपना योगदान दे सकते है। संस्कृत के प्रख्यात पण्डित वेदव्यास ने गुरू पूर्णिमा के दिन ही चारों वेदों की रचना की। हमारे जीवन में माँ हमारी सबसे पहली गुरू होती है। गुरू अपने शिष्यों में चेतना जागृत करने का कार्य करता है। कुलाधिपति एवं कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान परम्परा पूरे विश्व में अद्भुत है पूरे देश में हर रोज कोई न कोई पर्व त्यौहार अवश्य ही मनाया जाता है। आज की युवा पीढ़ी हमारे से संस्कारों से दूर होती जा रही है जो चिंताजनक है उन्हें पुन: रास्ते पर लाने का काम शिक्षकों अर्थात गुरूओं का है। प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने कहा कि गुरू अपने शिष्यों में चेतना जागृत करने का कार्य करता है। समारोह में डॉ. तिलकेश आमेटा, महेन्द्र वर्मा ने गुरू वंदना प्रस्तुत कर सभी भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. रचना राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. अमित दवे, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. सुभाष पुरोहित, डॉ. हरीश चौबीसा, डॉ. शीतल चुग सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। कुलपति सचिवालय में देर शाम तक विद्यापीठ के सभी संघटक विभागों के कार्यकर्ता, शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत का उपरणा, माला , श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर 50 फिट रोड स्थित अशोक नगर में नवनिर्मित श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव गुरूवार को कलश यात्रा के साथ हर्षोल्लास से शुरू हुआ।

कलश यात्रा को लेकर धर्मप्रेमी कांकरोली स्थित द्वारकेश चौराहा पर एकत्रित हुए। यहां पूजा-अर्चना कर सभी कलशों में पवित्र जल भरा गया, जिसके बाद वहां से कलश यात्रा रवना हुई। इसमें आगे डीजे पर भक्ति भजनों के मधुर स्वर बिखर रहे थे। इसके पीछे पारम्परिक चून्दडी परिधान में सजी-धजी धर्मप्राण महिलाएं व बालिकाएं अपने सिर पर मंगल कलश धरण किए चल रही थी, वहीं साथ में अन्य महिलाएं मंगल गीत गायन कर रही थी। धर्मप्रेमी प्रभु के जयकारे लगाते हुए और संकीर्तन करते चल रहे थे। कई धर्मप्रेमी भजनों पर नृत्य करते हुए आगे बढ रहे थे। कलश यात्रा मुख्य मार्ग पर होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंची। पं उमेश द्विवेदी के सान्निध्य में विप्रजनों ने वैदिक मत्रोच्चार के बीच कलश पूजन की रस्म पूर्ण कराई। मूर्ति प्रतिष्ठा को लेकर वैदिक रीति अनुरूप धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया। दोपहर में देवपूजन की विधि पूर्ण कर यज्ञ कुंड में अग्नि स्थापना की गई। इसके उपरांत गृह शांति हवन आदि क्रियाएं हुई, यह क्रम शाम तक चला। संध्या वेला में आरती हुई, जिसमें कॉलोनी क्षेत्र से सभी धर्मप्रेमी शामिल हुए। आयोजन समिति सदस्य कमल कुमार जैन ने बताया कि समस्त अशोक नगर परिवार की ओर से आयोजित महोत्सव में शुक्रवार सुबह 8 बजे देव पूजन उपरांत यज्ञ कर्म शुरू होगा, जिसमें मूर्ति अभिषेक होगा और संकल्प विधि पूर्ण की जाएगी। दोपहर 3 बजे से 6 छह बजे तक यज्ञ कर्म और प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व होने वाली मूर्ति अधिवास की महत्वपूर्ण विधि होगी, जिसके बाद आरती की जाएगी। जैन ने बताया कि मुख्य महोत्सव के तहत शनिवार को सुबह 7 बजे देव पूजन, यज्ञ अनुष्ठान और हवन होगा।

श्रमिक प्रशिक्षण का समापन

उदयपुर, (कासं)। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के दत्तोपंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड क्षेत्रीय निदेशालय उदयपुर एवं सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरूवार को सूचना केंद्र सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि भारत सरकार की क्षेत्रीय सलाहकार समिति के अध्यक्ष एवं जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कुलपति कर्नल डॉ शिवसिंह सारंगदेवोत ने भारत के लिए श्रमिकों की चुनौतियां एवं उनके रोजगार, नेतृत्व क्षमता पर योगदान के लिए सुविकसित भारत पर बल दिया। अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय निदेशक पुनीत गौतम ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव सौरभ गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं को श्रमिकों की समस्या को अविलंब सुनते हुए निवारण करना चाहिए।

आमंत्रित किए आवेदन

उदयपुर, (कासं)। परिवहन विभाग ने राज्य के 476 राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी वाहन संचालकों के मंजिली यात्री वाहनों को कुल 2261 अनुज्ञापत्र एवं 10190 सेवाएं स्वीकृत किये जाने हेतु स्कॉप निर्धारित करते हुए आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि अधिसूचना में वर्णित मार्गों पर निर्धारित स्कॉप के अनुसार रिक्तियों के लिए अनुज्ञापत्र स्वीकृत किए जाने के लिए रिक्तियों का विस्तृत विवरण, आवेदन पत्र का प्रारूप वेब साईट पर उपलब्ध है। उन्होंने विभाग द्वारा तय की गई मुख्य मुख्य शर्तों का उल्लेख करते हुए बताया कि इन अधिसूचित मार्गों पर अनुज्ञापत्र स्वीकृति हेतु वाहन का 1 जनवरी 2025 या उसके पश्चात् का आवेदक के नाम का पंजीकरण एवं वाहन का बीएस-6 मानकों के अनुसार होना आवश्यक है।

आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं से किया लाभान्वित

बांसवाड़ा, (निसं)। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित शिविरों में बरसों पुराने राजस्व संबंधी कार्यो का निस्तारण किया गया। आमजन के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रहें जहां एक छत के नीचे ही विभागीय कार्यो को पूरा होते देखकर लोगों को राहत व सुकून मिल रहा है।

शिविर आमजन के लिए उम्मीद की नई किरन लेकर आए है वहीं ग्रामीणों को भी सम्बल प्रदान कर रहें है। शिविरों में राजस्व विभाग द्वारा सीमा ज्ञान के 1306 प्रकरणों का निस्तारण किया गया वहीं पत्थरगढ़ी के 116 आवेदनों का निस्तारण किया गया। साथ ही लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करने के 55 आवेदनों का निस्तारण, रास्तों के प्रकरणों में 1197 आवेदनों, आपसी सहमति से बंटवारी के 600 आवेदनों, बजट घोषणाओं के लंबित भूमि आवंटन के 19 आवेदनों के प्रस्ताव तैयार किए गए एवं अप्रयुक्त विभागीय भवनों/भूमि के उपयोग के 18 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ठामीण विकास विभाग ने 1130 चयनित बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन किया वहीं 1764 परिवारों का चयन योजना के द्वितीय चरण के लिये सर्वे में किया गया एवं 1120 परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोडा गया। विभाग को स्वच्छ भारत मिशन ठामीण के अंतर्गत शौचालय के लिये 239 आवेदन प्राप्त हुए वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ठामीण के तहत पक्के आवास के लिये 29 हजार 617 आवेदन प्राप्त हुए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 377, आवासीय भूमि पट्टे के लिये 133, गैस कनेक्शन 165, बिजली कनेक्शन 258, आयुष्मान आरोग्य योजना 211, खाद्य सुरक्षा के 503 आवेदन प्राप्त हुए। मिशन हरियाणा राजस्थान के तहत मनरेगा योजना अंतर्गत 198403 गड्ढे खोदे गए। पंचायती राज विभाग द्वारा मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत 250609 पौधे लगाए गए। 1289 स्वामित्व कार्ड/पट्टे तैयार किए गए और 1272 स्वामित्व कार्ड/पट्टो का वितरण किया गया। विभाग ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के अंतर्गत 85 कार्य पूर्ण किए गए वही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत 119 कार्य स्वीकृत किए गए। पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 23 कार्य पूर्ण किए गए तथा मनरेगा के अंतर्गत कल 1139 कार्य पूर्ण किए गए। वर्षा जल संरक्षण के लिये एफएफसी के तहत 794 कार्य पूर्ण किए गए। पखवाडा अवधि में एसएफसी - 5 के तहत 909 कार्य पूर्ण किए गए। ऊर्जा विभाग ने बिजली के झूलते तारों को खिंचवाने के 516 प्रकरणों, विद्युत पोल को सही करवाने के 315 तथा तारों के संपर्क में आने वाले पेड पौधों की छगाई के 1044 प्रकरणों का निस्तारण किया। जल संसाधन विभाग ने नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित 2 प्रकरण, खाल/आड के विवाद के 30 प्रकरण व नहरों के पटरों की सफाई एवं मरम्मत के 7576 प्रकरणों का निस्तारण किया। नहरों से गाद निकालना एवं झाड हटाने के 1 हजार 243 प्रकरणों, गेटों की सफाई एवं ठीस लगाने के 52 प्रकरणों एवं पंचायत राज से जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित जल संरक्षण संरचनाओं की मरम्मत के 19 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ/तामिर/2025/8731 दिनांक : 8/07/2025
-:आपत्ती सूचना:-
एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस(कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री किशन सिंह पंवार पिता श्री मनोहर सिंह पंवार, निवासी- सीम की भागल, मोकेला	भूखण्ड संख्या -25 क्षेत्रफल-750 वर्गफिट, पनेरियों की मादडी नर्सिंग कॉलेज के पास,नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-26	भूखण्ड संख्या-24	भूखण्ड संख्या-18	80 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)
क्रमांक: F.12( )/Sales/Allot/2025-26/569 **आम-सूचना** दिनांक:- 10/7/2025
आवेदनकर्ता द्वारा अंकित भूखण्ड का वारिसान/हक त्याग/मुक्ति विलेख/परित्याग पत्र/वसियत नामा/मुक्तियार नाम से विक्रय के आधार पर नामान्तरण जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफीट)	योजना का नाम/ब्लॉक	आवेदक का नाम/ पिता का नाम	विक्रेता का नाम
1.	व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 74 UDA/FY25-26/ MUT/2101	165.00 Square Feet	SUB City Centre Block-M	श्रीमती जया खतुरिया पत्नी स्व. श्री प्रहलाद खतुरिया	श्री प्रहलाद का स्वर्गवास दिनांक 26-12-2022 हो जाने से एवं इनके वारिसों द्वारा प्रार्थी के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हत त्याग पत्र दिनांक दस्तावेजों, शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम नामान्तरण जारी किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान/हक त्याग/मुक्ति विलेख/परित्याग पत्र/वसियत नामा/मुक्तियार नाम से विक्रय पत्र के आधार पर नामान्तरण जारी करने के संबंध में यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारो सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 10 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण जारी किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
(बिन्दु बाला) प्रभारी अधिकारी, बिक्री शाखा उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ/उप.एकी./2025/8475 दिनांक : 1/07/2025
-:आपत्ती सूचना:-
एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस(कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पडौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री देवेन्द्र जोशी पिता श्री चन्द्रकान्त जोशी, निवासी- बिजलाई लाल बाग, के पिछे, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -3ए क्षेत्रफल-1651.64 वर्गफिट, बिजलाई, लाल बाग के पिछे ,नाथद्वारा	अन्य कृषि भूमि	30 फीट रोड	भूखण्ड संख्या-2	अन्य